## बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 17.05.2025 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय,कन्नौज में **मुख्य विकास अधिकारी,महोदय** की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी,महोदय के अतिरिक्त निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. जिला विकास अधिकारी,कन्नौज।
2. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
4. प्रतिनिधि वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।
5. प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।
6. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।

बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा निम्नवत् निर्णय लिए गये/निर्देश दिए गये।

**1–भारत सरकार के पोर्टल पर रैकिंगः**–समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 260440 है, जो 94.87 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 42वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 356 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 50.89 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 08वें स्थान पर है। मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि ट्यूबवेल निर्माण के सापेक्ष एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति अधिक प्रतीत हो रही है, अतः उचित होगा कि एफ0एच0टी0सी0 का सत्यापन करा लिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जनपद की प्रगति और बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के भी निर्देश दिए गये।

**2–ट्यूबवेल निर्माण की समीक्षाः–** समीक्षा में पाया गया कि ट्यूबवेल निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। मात्र ओ0पी0 यूनिट के 02 कार्य प्रगति पर एवं 04 कार्य वी0एस0ए0 इन्फ्रा का अवशेष है,तथा पम्प लोरिंग के 06 कार्य वी0एस0ए0 इन्फ्रा के अवशेष है,इसमें काफी समय से कोई प्रगति नहीं हुई है। मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा वी0एस0ए0इन्फ्रा की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये इन्हें अपने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गये।

**3–पम्प हाउस एवं बाउन्ड्रीवाल की समीक्षा** – समीक्षा में पाया गया कि पम्पहाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य लगभग पूर्ण है,लेकिन काफी समय से इसमें कोई प्रगति नहीं हो रही है। **वी0एस0ए0 इन्फ्रा** के 06 पम्प हाउस अवशेष है एवं 02 पम्प हाउस एवं 03 बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर है, जिसे मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गये।

**4–पाइप लाइन डिस्ट्रीब्यूशन की समीक्षाः**–समीक्षा में पाया गया कि वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 12 किमी0 पाइप लाइन बिछाया जाना अभी भी अवशेष है। मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा शीघ्र ही अवशेष पाइप लाइन डालने का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

**5–ओ0एच0टी0 की समीक्षाः**–ओ0एच0टी0 के निर्माण की स्तरवार समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा टाप डोम तक की पूर्णता वाले ओ0एच0टी0 के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए निचले स्तर के निर्माण को मैनपावर बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गये। वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 118 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 51 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 69 ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार जी0वी0पी0आर द्वारा 181 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष 138 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 43 ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। विगत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा एक सप्ताह में 01 एवं वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 01 ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया था, जिसके सापेक्ष दो सप्ताह के पश्चात जी0वी0पी0आर0 द्वारा 02 ओ0एच0टी0 कार्य एवं वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा कोई भी ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जी0वी0पी0आर0 द्वारा अगले सप्ताह तक 01 ओ0एच0टी0 कार्य पूर्ण करने तथा वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 01 ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण करने का

Scanned with OKEN Scanner

आश्वासन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा ओ0एच0टी0 कार्य में तेजी लाने एवं प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये।

**6–सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की समीक्षाः**–समीक्षा में पाया गया 356 ग्रामों को सर्टिफाइड कराते हुए 67 परियोजनाओं को इनीसियेट किया गया तथा मात्र 28 परियोजनाओं को ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराने का कार्य पूर्ण किया गया है। विगत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा सप्ताह में 02 एवं वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा 02 ग्रामों को सर्टिफाइड कराये जाने का आश्वासन दिया गया था, जिसके सापेक्ष दो सप्ताह के पश्चात जी0वी0पी0आर0 द्वारा 02 एवं वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा कोई भी ग्राम सर्टिफाइड नहीं किया गया है,तथा 04 ग्राम रैट्रोफिटिंग योजनान्तर्गत सर्टिफाइड कराये गये हैं। जी0वी0पी0आर0 द्वारा अगले सप्ताह 02 एवं वी0एस0ए0 इन्फा द्वारा 01 ग्रामों को तथा 02 ग्राम रैट्रोफिटिंग योजनान्तर्गत सर्टिफाइड कराने का आश्वासन दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सर्टिफाइड 356 ग्रामों का सत्यापन कराये जाने के निर्देश अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को दिए गये।

**7–रैट्रोफिटिंग की समीक्षाः**–समीक्षा में पाया गया कि रैट्रोफिटिंग का कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराया जा रहा है। अवर अभियन्ताओं द्वारा विगत दो सप्ताह में 04 रैट्रोफिटिंग के अन्तर्गत ग्रामों को सर्टिफाइड का कार्य पूर्ण किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि रैट्रोफिटिंग के कार्य में और तेजी लायी जाए।

8–अन्य निर्देशः–

1– मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं एवं अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि विगत बैठकों में विकास खण्ड गुगरापुर को सर्वप्रथम 10.05.2025 तक सर्टिफाइड कराया जाने के निर्देश दिए गये थे। पुनः निर्देशित किया गया कि माह मई के अन्त तक विकास खण्ड गुगरापुर को शतप्रतिशत सर्टिफाइड कराते हुए किसी माननीय से इसका लोकार्पण कराया जाये।

2– मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में ओ0एच0टी0 निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है,और ट्यूबवेल से सीधी जलापूर्ति की जा रही है,ऐसे पॉच–पॉच ग्रामों की सूची दोनों संस्थाओं से प्राप्त कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें,जिससे उसका स्थलीय सत्यापन कराया जा सके।

3– मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर समस्त 28 परियोजनाओं की सूची आगामी बैठक में आवश्यक रूप से प्रस्तुत की जाये, जिससे उसका स्थलीय सत्यापन कराया जा सके।

4– मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा यह निर्देशित किया गया कि आगामी गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिन ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है,उन ग्रामों में जलापूर्ति निरन्तर दी जाये,और किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होने पाये।

मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में बिना ओवर हैड टैंक के सीधी पानी की सप्लाई की जा रही थी,वहॉ जलापूर्ति की निरन्तरता सुनिश्चित की जाये।

5– मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम कन्नौज से रोड रेस्टोरेशन ग्रामों के सम्बन्ध में ऑकड़े प्रत्येक बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये। मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा सर्टिफाईड हो चुकी समस्त परियोजनाओं का सत्यापन अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ताओं से कराने के निर्देश दिए गए, जिससे कि अवशेष कनेक्शन एवं अन्य कमियॉ पूर्ण हो सके। अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज को यह भी निर्देशित किया गया कि सड़को की मरम्मत/पुर्नस्थापन के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति प्रस्तुत की जाए।

6– मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि समस्त परियोजनाओं में कार्य के समय अनिवार्य रूप से सुरक्षात्मक उपकरणों के साथ ही कार्य कराया जाये,जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो। अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कन्नौज स्वयं एवं अपने अधीनस्थ अवर अभियन्ताओं से मानीटरिंग करायें कि किसी भी परियोजना में बिना सुरक्षात्मक उपकरण के कोई भी कार्य न कराया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

7— मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को यूजर चार्ज ग्राम पंचायतों से संकलित कराये जाने के साथ—साथ पोर्टल पर हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश दिये गये।

8— मुख्य विकास अधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित टंकियों से ग्रामों के समस्त परिषदीय विद्यालयों में जलापूर्ति की जानी है,कृपया अवगत करायें कि सभी परिषदीय विद्यालयों में जलापूर्ति हो रही है। इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समस्त परिषदीय विद्यालयों की विकास खण्डवार रिपोर्ट प्राप्त कर विद्यालयों में जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

(एन0डी0द्विवेदी)
जिला विकास अधिकारी
कन्नौज।

## कार्यालय जिला विकास अधिकारी, जनपद—कन्नौज।

पत्रांक 181 /जल जीवन मिशन/बैठक—कार्यवृत्त/2025—26 दिनॉक 21/05/2025

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी,महोदय कन्नौज।
5. अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम (ग्रामीण) कन्नौज।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,कन्नौज।
7. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
8. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
9. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।

Digitally signed by
NARENDRA DEV DWIVEDI
Date: 21-05-2025
13:02:23

जिला विकास अधिकारी,
कन्नौज।

Scanned with OKEN Scanner